>

Title: Need to provide compensation to villagers whose property and crops have been damaged by wild elephants in Jashpur, Raigarh and Surguja districts of Chhattisgarh.

श्री दिलीप सिंह जूदेव (बिलासपुर): मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान जशपुर, रायगढ़, सरगुजा में जंगली हाथियों द्वारा वन के समीप बसे हुए गरीबों और आदिवासियों के ऊपर ढाए कहर की ओर दिलाना चाहता हूं। जंगली हाथी अक्सर झुण्डों में गांवों में घुसकर उनकी फसलों और घरों को नष्ट कर देते हैं। कई बार तो वे आदमी तक को सोये में कुचल देते हैं।

अतः मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि सरकार मृतकों को उचित मुआवजा दे तथा फसल एवं घर क्षतिग्रस्त होने पर पीड़ित परिवारों को पर्याप्त सहायता दे एवं हाथियों से बचाव का उचित प्रबंध करें।